>

Title: Need to provide TV tower and mobile tower in Don area of West Champaran district in Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): बिहार के पं0 चम्पारण जिलान्तर्गत दोन क्षेत्र जंगल और पहाड़ों से घिरा हुआ है। वहां से नेपाल की सीमा लगभग 20 कि0मी0 है। दोन क्षेत्र का क्षेत्रफल लगभग 40 कि0मी0 है, जहां पर न टी0वी0 टॉवर है और न किसी कम्पनी का मोबाइल टॉवर है। उस क्षेत्र के लोग आज आधुनिक युग में भी दुनिया से कटा हुआ महसूस कर रहे हैं।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उस क्षेत्र में शीघ्र टी0वी0 टॉवर तथा मोबाइल टॉवर लगाने की कार्रवाई करें।